# Dayanand College, Hisar

## 7.1.1 - Measures initiated by the Institution for the promotion of gender equity during the year 2023-2024

**Specific facilities provided for women in terms of:**

**A. Safety and Security**

Installation of Sanitary Napkin Vending Machine in girls common room, Separate canteen in girls common room, female helper, separate cycle stand for girls, separate fee window during rush of admissions, reading room facility in the library.





Principal
Dayanand College
HISAR

**<u>Mehandi Competition was organized on 28 AUGUEST 2023 :-</u>**





Principal
Dayanand College.
HISAR






Principal
Dayanand College.
HISAR

**JANAMASHTAMI CELEBRATION On 8 September2023 :-**





Principal
Dayanand College.
HISAR

# दयानन्द महाविद्यालय के छात्रावास में छात्राओं ने हर्षोल्लास से मनाई जन्माष्टी



**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार, 4 सितम्बर :** स्थानीय दयानन्द महाविद्यालय के छात्रावास में छात्राओं ने कर्मयोगी श्री कृष्ण जी का जन्म दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया इस उपलक्ष में छात्राओं ने श्रीकृष्ण के जीवन से संबंधित झाकिया पटल पर अंकुरित करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और राधाकृष्णन की भूमिका मे लिप्त होकर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा निकाली गई झांकियों का अवलोकन करते हुए शोभा महला, चहल ने छात्राओं को उनकी प्रतिभा के लिए सुखद और उज्जवल भविष्य का आशिर्वाद दिया तथा आयोजित समारोह के मुख्य कर्णधार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने इस आयोजन के लिए छात्राओं को बधाई देते हुए कहा की वर्तमान मे सुभद्रा रुक्मणी राधा द्रौपदी और हरन्नदी जैसी नारी जाति के साथ पृथक-पृथक रिश्तों को निभाने वाले कर्मयोगी श्रीकृष्ण द्वारा दिया गया उपदेश (गीता) हर इंसान के सुखद जीवन के लिए हर तरह से सार्थक सिद्ध होता है, इसलिए सभी को गीता का अध्ययन करना चाहिए। इस अवसर पर छात्रावास की संरक्षिका सुष्मा के अतिरिक्त कर्मचारियो के परिवार की महिला सदस्य भी उपस्थित रही और समारोह का आनंद लिया।

Principal
Dayanand College.
HISAR

**Women Cell and Legal Literacy Cell organised a speech competition and group Discussion on "Legal Rights of a Girls Child" on 25th September 2023**

The Legal Literacy Cell and Women Cell of Dayanand College Hisar Organised Intra College Declamation contest on the topic 'Legal Rights of Girl Child'. A Group Discussion on Women Reservation in Legislature was also organised. Heartiest Congratulations to Legal Literacy Cell and Women Cell of the College.




Principal
Dayanand College.
HISAR

# भाषण प्रतियोगिता में हिमांशु रहा प्रथम

हिसार । दयानन्द महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं लीगल लिटरेसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'लीगल राइट्स ऑफ ए गर्ल चाइल्ड' विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं सामूहिक चर्चा की गई।

कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुरुचि शर्मा, लीगल लिटरेसी सेल प्रभारी डॉ. शम्मी नागपाल के नेतृत्व में किया। डॉ. शम्मी नागपाल छात्राओं को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. संगीता मलिक, डॉ. छवि मंगला द्वारा निभाई गई। भाषण प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष के हिमांशु ने प्रथम स्थान, बीकॉम प्रथम वर्ष की मिष्टी ने द्वितीय स्थान तथा बीए ऑनर्स प्रथम वर्ष की पारुल ने तृतीय स्थान हासिल किया। सामूहिक चर्चा में बीकॉम प्रथम वर्ष की मिष्टी ने प्रथम स्थान तथा बीए ऑनर्स प्रथम वर्ष की पारुल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

Principal
Dayanand College.
HISAR

**<u>“A Motivational talk was organised by Women Cell on 31.01.2024. Ms.EktaBhayan was the Chief Guest and Resource person. She motivated the students about the career avenues in Sports for the girl students”</u>**




Principal
Dayanand College.
HISAR



# अखबार और किताबें पढ़ने की क्षमता बढ़ाएं विद्यार्थी

## दयानंद कॉलेज में अपराजिता के तहत आयोजित संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं रोजगार अधिकारी एकता भ्याण




दयानंद कॉलेज में अमर उजाला की ओर से आयोजित अपराजिता के तहत संवाद कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं और स्टाफ सदस्य। संवाद



दयानंद कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि रोजगार अधिकारी एकता भ्याण, प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत व अन्य शिक्षक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**हिसार।** किताब पढ़ने की आदत से युवा दूर हो रहे हैं। वे अब ऑनलाइन पढ़ना पसंद कर रहे हैं। इस कारण उनके भाषा कौशल पर असर पड़ रहा है। युवाओं को न तो अच्छे से हिंदी आती है और न ही अंग्रेजी। ज्यादा देर तक मोबाइल फोन पर पढ़ने से आंखों की रोशनी पर बुरा असर पड़ता है। विद्यार्थियों को अपनी किताबें पढ़ने की क्षमता को सुधारना होगा और ऑनलाइन तैयारी करने की जगह ऑफलाइन तैयारी करनी होगी।

इसके अलावा अखबार और किताबें पढ़ने की क्षमता बढ़ाएं। एक दिन में 45 मिनट से अधिक मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। यह कहना है जिला रोजगार अधिकारी एकता भ्याण का। बुधवार को दयानंद महाविद्यालय में अपराजिता के तहत संवाद कार्यक्रम में उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार रखे।

**जीवन में असफलता अस्थायी होती है :** दयानंद महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं जनसंचार विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने की। खेल के क्षेत्र में छात्राओं के लिए कॅरिअर के अवसर विषय पर पैरालिंपिक मेडल विजेता एकता भ्याण ने कहा कि छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ कर्तव्यों के बारे में जागरूक होना होगा। इस बदलते हुए परिवेश में अपने निर्णय लेने की सोच पैदा करें। जीवन में असफलता अस्थायी होती है अगर आप ठान ले तो कोई भी काम संभव है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए बताया कि चार साल तक वह लगातार असफल होती रहीं। फिर उन्होंने एचसीएस में सफलता हासिल की। जब उन्हें सफलता मिली तो लोगों की धारणा बदली।

विद्यार्थियों को जितना हो सके किताबें पढ़नी चाहिए। इससे पढ़ने की क्षमता बढ़ेगी और पढ़ाई में एकाग्रता बनी रहेगी। इसके अलावा हिंदी और अंग्रेजी अखबार रोजाना जरूर पढ़ें। यह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में हमारे सामान्य ज्ञान को बढ़ता है। खास तौर पर संपादकीय पेज, देश विदेश पेज को पढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सवाल भी पूछे और उन्होंने छात्राओं को रोजगार के प्रति जागरूक करते हुए टिप्स भी दिए।

### मोबाइल से ही पूछो ऑन स्क्रीन के नुकसान : एकता

एकता भ्याण ने कहा कि ऑन स्क्रीन लंबा समय गुजारने से क्या नुकसान होता है इसके बारे में कभी मोबाइल पर गूगल सर्च करना। आप हैरान रह जाएंगे। मोबाइल पर लगातार पढ़ने से आंखों पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है, आंखों की रोशनी कमजोर होने लगती है और आंखों से पानी बहना शुरू हो जाता है। मोबाइल से पढ़ने पर एकाग्रता नहीं आती और न ही ध्यान से पढ़ा जाता है। मनोरंजन के लिए फोन थोड़ी देर के लिए ही प्रयोग करना चाहिए। इंटरनेट पर ज्यादा समय नहीं खराब करना चाहिए। मोबाइल फोन पर पढ़ना विद्यार्थियों को आकर्षक लगता है और वे इसमें घंटों खोए रहते हैं। जिन बच्चों का मोबाइल पर अधिक समय बीतता है उनके लिए अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगा पाना कठिन हो सकता है। मोबाइल फोन पर वीडियो गेम और अन्य एपलीकेशन के अधिक इस्तेमाल के कारण बच्चों में चिंता और अवसाद जैसी गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को विकसित होते देखा जा रहा है। मन को स्वस्थ रखने के लिए स्क्रीन टाइम को कम करना आवश्यक है। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ की संयोजक सुरुचि शर्मा, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष मंजीत सिंह, डॉ. अरुणा कद, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. परेनू राठी, डॉ. शर्मिला गुणपाल, प्रो.सुरजीत कौर, मुकेश शर्मा, सुनील कुमार, अनीता, पूर्व उद्यान अधिकारी डॉ. बलजीत भ्याण आदि मौजूद रहे।

### लोगों का बदला नजरिया

एकता भ्याण ने अपने संघर्ष की कहानी बताकर कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को किसी भी परिस्थिति में हार न मानने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर मुश्किल का सामना करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जब उनके साथ हादसा हुआ तो लोगों की सोच में हमदर्दी थी और जब वह ऑफिसर बनी और खेलों में नाम कमाया तो उन्हीं लोगों के सोचने का नजरिया बदल गया। जब उन्होंने खेल में मेडल हासिल किए तो पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उनकी सफलता का जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चार बार मिली हैं, पीएम उन्हें नाम से पहचानते हैं।

> अगर हमारे विचारों में दृढ़ता हो तो हम कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। जीवन की हर चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं- डॉ. **विक्रमजीत सिंह, प्राचार्य, डीएन कॉलेज।**

Principal
Dayanand College.
HISAR


**"Amar Ujala highlights motivational talk by Ms. EktaBhayan at Women Cell event, urging girls towards sports careers"(on 31.01.2024)**



# दयानन्द महाविद्यालय मे छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 1 फरवरी :** दयानन्द महाविद्यालय में आज छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय महिला परकोष्ठ, जनसंचार विभाग एवम अमर उजाला के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि विचारों में दृढ़ता हो तो आप अपने परिवार और देश का नाम रोशन कर सकते है। यह कार्यक्रम महिला परकोष्ट की संयोजक डॉ. सुरुचि शर्मा एवम जनसंचार विभाग के इंचार्ज मंजीत सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं सहायक रोजगार अधिकारी एकता भ्यान ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ कर्तव्यों के बारे में अनभिज्ञ न रहें। इस बदलते हुए परिवेश में अपने निर्णय लेने की सोच पैदा करें। उनका कहना था कि जीवन में असफलता अस्थाई होती है अगर आप ठान ले तो कोई भी काम संभव है। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. अरूणा कद, डॉ. रेनू राठी, डॉ. शम्मी नागपाल, प्रो. सुरजीत कौर, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. शर्मिला गुनपाल, डॉ. मुकेश शर्मा, सुनील कुमार, अनीता एवम छात्राएं उपस्थित रही।




Principal
Dayanand College.
HISAR

**Women Cell organised a Seminar on Role of Women in Nation Building: Issues and Challenges. Dr. G. S. Chauhan, Joint Secretary of University Grants Commission, Ministry of Education, Government of India was the Chief guest and Resources person.(03.02.2024)**

# राष्ट्र निर्माण महिलाओं के उत्थान के बिना अधूरा : डॉ. जीएस चौहान

## राष्ट्र निर्माण में महिला की भूमिका : मुद्दे व चुनौतियां विषय पर सेमिनार

हिसार| दयानन्द महाविद्यालय की यूजीसी कमेटी व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्र निर्माण में महिला की भूमिका मुद्दे व चुनौतियां विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ. जीएस चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. जीएस चौहान ने नारी को राष्ट्रीय गौरव का आधार बताते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान नारी होती हैं। नारी के बिना संसार का अस्तित्व ही नहीं हैं। विभिन्न कालखंडों में विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए संघर्षशील रास्तों को सहर्ष पार करते हुए आज अपने स्वाभिमान और गौरव के रास्तों पर नारी अग्रसर है। उन्होंने स्वरचित पुस्तक महाविद्यालय के पुस्तकालय को भेंट की। इस अवसर पर




डीएन कॉलेज में आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि यूजीसी के संयुक्त सचिव डा. जीएस चौहान का स्वागत करते प्रिंसिपल डा. विक्रमजीत सिंह

सेमिनार के संयोजक डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. अरुणा कद, डॉ. शम्मी नागपाल, डॉ. रेनू राठी, डॉ. संगीता मलिक, डॉ. शर्मिला गुनपाल, प्रो. सुरजीत कौर, डॉ. आदित्य, डॉ. छवि मंगला आदि उपस्थित रहे।




Principal
Dayanand College.
HISAR







Principal
Dayanand College.
HISAR

# करवा चौथ पर मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता 3 नवम्बर 2023





दैनिक पाठकपक्ष, हिसार, शुक्रवार, 3 नवम्बर, 2023

## डीएन कालेज में करवा चौथ पर मेहन्दी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन



पाठकपक्ष न्यूज
हिसार, 3 नवम्बर

: दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के हिन्दी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विभागाध्यक्षा डॉ. मोनिका ककड़ की अध्यक्षता में करवाचौथ के उपलक्ष्य में मेहन्दी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होना चाहिए जो छात्राओं की कला को निखारने व उन्हें प्रोत्साहित करने में सहायक होती हैं। इस प्रतियोगिता में कामना बीए द्वितीय वर्ष, रीया बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, पूजा बीकॉम तृतीय वर्ष, खुशी बीएससी प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान, शीतल बीकॉम तृतीय वर्ष, अलका एमएससी द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान, भूमिका तथा निकिता बीकॉम तृतीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दीपाली, रिंकू, अनिशा, भावना, निशि, कशिश, नव्या, प्रिया आदि सभी को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. सविता, डॉ. माया व प्रो. स्मृति ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।



## कार्यक्रम मीडिया कवरेज

Principal
Dayanand College.
HISAR

दैनिक पाठकपक्ष, हिसार, शुक्रवार, 3 नवम्बर, 2023

# डीएन कालेज में करवा चौथ पर मेहन्दी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन



पाठकपक्ष न्यूज
हिसार, 3 नवम्बर

: दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के हिन्दी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विभागाध्यक्षा डॉ. मोनिका ककड़ की अध्यक्षता में करवाचौथ के उपलक्ष्य में मेहन्दी रचाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होना चाहिए जो छात्राओं की कला को निखारने व उन्हें प्रोत्साहित करने में सहायक होती हैं। इस प्रतियोगिता में कामना बीए द्वितीय वर्ष, रीया बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, पूजा बीकॉम तृतीय वर्ष, खुशी बीएससी प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान, शीतल बीकॉम तृतीय वर्ष, अलका एमएससी द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान, भूमिका तथा निकिता बीकॉम तृतीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दीपांशी, रिंकू, अनिशा, भावना, गिनि, कशिश, नव्या, प्रिया आदि सभी को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. सविता, डॉ. माया व प्रो. स्मृति ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

Principal
Dayanand College
HISAR

**B. Counseling :-**

## *Nukkad Natak on Women Empowerment*

NCC Girls Army Wing First year (**12 cadets**)Cadets performed Nukkad Natak with a concept of **Women Empowerment** on **19th February, 2024** in **New Aggarwal Colony, Hisar**. They motivated and aware women regarding their rights and opportunities available in their surroundings.





Principal
Dayanand College.
HISAR

## *Nukkad Natak for Awareness on Drug Menace*

NCC Girls Army Wing Second year Cadets (15 Cadets) performed Nukkad Natak to create awareness about Drug menace on **21st February, 2024** in Shikarpur Village, Hisar. They made aware the people for the negative impacts of drugs on their health and wealth and motivated them "say no to drug'. This active was organised under SSCD activity by 3 Har/Girls/BN NCC unit.










Principal
Dayanand College.
HISAR

***The Legal Literacy and Women Cell of College held a Speech Competition and Group Discussion on 'Legal Rights of a Girl Child' on 25th September,2023***

# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 21 अप्रैल :** गत दिवस दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में आयोजित कविता पाठ, भाषण, वाद-विवाद, चित्रांकन, निबंध लेखन तथा पॉवर प्वाईट प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन निदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा, पंचकूला के आदेशानुसार स्टूडेन्ट्स लीगल लिट्रेसी मिशन के अन्तर्गत किया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान अग्रवाल ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा लक्ष्या ने द्वितीय स्थान तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मिष्टी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा मिष्टी ने प्रथम स्थान, बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र विनीत ने द्वितीय स्थान तथा बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र विनीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रांकन प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र हिमांशु ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नेहा तथा बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र रजत ने द्वितीय स्थान तथा बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान अग्रवाल ने प्रथम स्थान, बीएससी कम्प्यूटर साईंस द्वितीय वर्ष की छात्रा ने द्वितीय स्थान तथा बीएससी मेडीकल तृतीय वर्ष की छात्रा जेसमीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पॉवर प्वाईंट प्रतियोगिता में बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना ने प्रथम स्थान, बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र साहिल ने द्वितीय स्थान तथा बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जिला स्तरीय लीगल लिट्रेसी प्रतियोगिता में दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के छात्रों ने लहराया परचम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 मई :** राजकीय महाविद्यालय, हिसार के लीगल लिट्रेसी सैल द्वारा दिनांक 29 अप्रैल, 2024 को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा जैसमीन सिंह ने द्वितीय स्थान, पेंटिंग प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान अग्रवाल ने प्रथम तथा डेकलामेशन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पीपीटी प्रतियोगिता में बीसीए के छात्र आदित्य तथा साहिल ने क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने महाविद्यालय की लीगल लिट्रेसी सैल की संयोजिका डॉ. शम्मी नागपाल तथा विद्यार्थियों को बधाई दी तथा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. अर्चना मलिक, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. संगीता मलिक तथा प्रो. शालू रानी उपस्थित रहे।

Principal
Dayanand College.
HISAR

**C. Common Rooms**


The college provides the facility of separate and spacious common rooms for girl students with adequate seating capacity and attached washrooms. It also has water purifier to provide drinking water.




Principal
Dayanand College
HISAR

**Facilities for Woman in Campus**




Principal
Dayanand College
HISAR




Principal
Dayanand College.
HISAR



Principal
Dayanand College.
HISAR




Principal
Dayanand College.
HISAR




Principal
Dayanand College.
HISAR